शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 06.04.2024

SOG, सर्विलांस व थाना पुवायाँ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा करीब 7.5 लाख कीमत की 2.450 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः

श्री अशोक कुमार मीणा,पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशनुसार, श्री मनोज कुमार अवस्थी,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में SOG, सर्विलांस व थाना पुवायाँ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर 2.450 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 05/06.04.2024 की रात्रि मे SOG, सर्विलांस व थाना पुवायाँ पुलिस की संयुक्त टीम कार्यवाही में जरिये मुखविर खास सूचना मिली कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर अपने साथ तस्करी करके लायी जा रही अफीम के साथ एक चार पहिया वैगनार गाडी से मोहम्मदी जनपद खीरी की तरफ से पुवायां होते हुए जनपद बरेली की तरफ जा रहे है यदि जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते है। उक्त सूचना विश्वास करते हुए मोहम्मदी की तरफ से सतवां बुजुर्ग चौराहा पर बैरियर लगाकर गाड़ी को रोककर दो व्यक्तियो को पकड लिया। पकड़े हुए व्यक्तियो से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली तो एक व्यक्ति ने अपना नाम ललित कुमार पुत्र स्व0 जागेश्वर निवासी ग्राम रानीखेडा पोस्ट सिसेडी थाना मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 27 वर्ष बताया गाडी में ड्राइवर सीट की बराबर वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम तजविन्दर सिंह पुत्र श्री साहब सिंह उम्र करीब 31 वर्ष निवासी दाराबोझी बनवीरपुर थाना तिकुनिया जनपद खीरी बताया जामा तलाशी से इसके कब्जे से अलग अलग दो पैकेटो (1.450 किलो व 1 किलो ग्राम) मे कुल 2.450 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इन व्यक्तियो से अफीम रखने का लाईसेंस तलब किया गया तो दिखाने से कासिर रहे तथा गलती की माफी मागने लगे इन व्यक्तियो को उसके जुर्म धारा 8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट से अवगत कराते हुए बाकयदा समय 23.30 बजे दिनांक 05.06.2024 को हिरासत पुलिस मे लिया गया। अभियुक्त को थाना पुवायाँ पर लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करने के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. ललित कुमार पुत्र स्व0 जागेश्वर निवासी ग्राम रानीखेडा पोस्ट सिसेडी थाना मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ
2. तजविन्दर सिंह पुत्र श्री साहब सिंह निवासी दाराबोझी बनवीरपुर थाना तिकुनिया जनपद खीरी

पंजीकृत अभियोगः –

1. मु0अ0सं0 249/24 धारा 8/18 NDPS Act थाना पुवाया जिला शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 किलो 450 ग्राम अफीम
2. दो अदद मोबाइल फोन टच स्क्रीन
3. दो अदद आधार कार्ड,
4. एक अदद पैन कार्ड
5. एक अदद कार वैगनार
6. कुल 1170/रूपया

पूछताछ का विवरण:-

तजविन्दर सिंह निवासी दाराबोझी बनवीरपुर थाना तिकुनिया जनपद खीरी का घर नेपाल बार्डर के पास पड़ता है जोकि कभी कभार लखनऊ मे रहकर ड्राईवरी का काम करता है इसी दौरान इसकी मुलाकात अपने सहअभियुक्त साथी ललित से हो गयी ललित के पास बैगेनार गाड़ी है जो किराये पर गाड़ी चलाता है दोनो ने मिलकर योजना बनायी कि नेपाल जाकर सामान खरीद लेंगे और उसको लाकर अपने बाजार मे बेच देगे इसी दौरान वहां पर एक नेपाली व्यक्ति से मुलाकात हो गयी थी उससे सस्ते दाम (करीब 1.5 लाख रुपये) में यह अफीम हम लोगो ने खरीद ली और इसे बेचने के लिये हम बरेली जा रहे थे पूछने पर कि बरेली में किसके पास जा रहे थे तो बताया कि हमने सुना था वहां हाइवे किनारे ढाबों पर चलते फिरते अफीम अच्छे रेटों में बिक जाती है। तभी आज रात्रि मे पुवायाँ पुलिस ने हमे पकड़ लिया।

गिरफ्तारी टीम का विवरण:-

थाना पुवांया

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. उप निरीक्षक श्री राजाराम पाल सिंह प्रभारी एस0ओ0जी जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
4. मु0अ0 224 नीरेश थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1181 गगन पवारं थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 1747 यतेन्द्र चौहान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 2049 आकाश चौहान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
8. का0 740 दीपक कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
9. का0 754 इलियास थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

एस0ओ0जी0

1. रितेन्द्र प्रताप सिंह एस0ओ0जी0 प्रभारी
2. उ0नि0 राजाराम सिंह, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
3. हे0का0 157 उदयवीर सिंह, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
4. हे0का0 2113 तौसीम हैदर, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
5. हे0का0 241 रामसजीवन, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
6. हे0का0 586 दिलीप कुमार, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
7. हे0का0 249 विपिन कुमार, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
8. हे0का0 239 ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
9. हे0का0 467 खालिद हुसैन, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
10. गाड़ी सरकारी चालक हे0का0 245 कपिल ठाकुर।
11. का0 1943 कमल कुमार, एस0ओ0जी0 शाहजहाँपुर।
12. का0 1805 प्रभात, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।
13. का0 2656 मुकुल, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।
14. का0 1997 सचिन, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।
15. का0 1982 शिवम कुमार, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।